# FIRST INFORMATION REPORT

**(Under Section 154 Cr.P.C.)**
**प्रथम सूचना रिपोर्ट**
**(धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत)**

1. **District (जिला):** STATE VIGILANCE AND ANTI- **P.S. (थाना):** SIRMAUR(NAHAN) **Year (वर्ष):** 2021

   **FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0002 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 26/04/2021 17:55 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | HP PREVENTION OF SPECIFIC CORRUPT PRACTICES ACT, 1983 | 6 |
| 2 | IPC 1860 | 420 |
| 3 | IPC 1860 | 467 |
| 4 | IPC 1860 | 468 |
| 5 | IPC 1860 | 471 |
| 6 | IPC 1860 | 120-B |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

   1. **Day (दिन):** **Date From (दिनांक से ):** **Date To ( दिनांक तक ):**

      **Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से ):** **Time To (समय तक):**

   (b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई ):** **Date (दिनांक ):** 26/04/2021 **Time (समय):** 16:40 hrs

   (c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 009 **Date & Time (दिनांक और समय):** 26/04/2021 16:40 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

   1. (a) **Direction and distance from P.S.(थाना से दूरी और दिशा ):** SOUTH, 20 Km(s) **Beat No. (बीट सं.):**

      (b) **Address (पता):** GP Bikram Bag JurisdictionNahan

      (c) **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर है तो):**
      **Name of P.S.(थाना का नाम):** **District(State) (ज़िला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता/सूचनाकर्ता ):**

   (a) **Name (नाम):** Pramjeet Singh Thakur

   (b) **Father's/Husband's Name(पिता / पति का नाम) :**

   (c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष ):** 04/10/1969 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

   (e) **UID No. (यूआईडी सं॰):**

   (f) **Passport No.(पासपोर्ट सं॰):** **Date of Issue (जारी करने की तिथि):**

   **Place of Issue (जारी करने का स्थान ):**

   (g) **Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN)**

| S.No.(क्र.सं.) | Id Type (पहचान पत्र का प्रकार) | Id Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|
| 1 | | |

   (h) **Address (पता):**

| S.No.(क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | Present Address | SVACB Nahan,NAHAN,SIRMAUR,HIMACHAL PRADESH,INDIA |
| 2 | Permanent Address | Behli,Nalagarh,SOLAN SADAR,SOLAN,HIMACHAL PRADESH,INDIA |

(i) **Occupation (व्यवसाय):** POLICE OFFICER

(j) **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):** 91-9736217770

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| S.No.(क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address (वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Jaitun Pradhan GP Bikram Bag | | Husband's Name : Gafoor Mohd | 1. Kher Wala,Nahan,NAHAN,SIRMAUR, HIMACHAL PRADESH,INDIA |
| 2 | Balwant Singh Ward Member GP Bikram Bag | | | 1. Baila,Nahan,NAHAN,SIRMAUR, HIMACHAL PRADESH,INDIA |
| 3 | Rai Singh The Then Secretary GP Bikram Bag | | Father's Name : Sh. Ram Sawroop | 1. Simbal Wala,Nahan,SIRMAUR, HIMACHAL PRADESH,INDIA |
| 4 | Baldev Singh | | Father's Name : Lt. Shri Shaker Lal | 1. Bikram Bag,Nahan,NAHAN,SIRMAUR, HIMACHAL PRADESH,INDIA |
| 5 | Lal Singh | | Father's Name : Lt. Sh. Laxman | 1. Bela Bikram Bag,Nahan,NAHAN, SIRMAUR,HIMACHAL PRADESH,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (संपत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति का प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|

10. **Total value of property (In Rs/-)-सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में):**

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो ):**

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

12. **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य ):**

इस समय उप नि0 परमजीत सिंह जांच अधिकारी, PS SVACB Nahan ने एक शिकायत पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका विवरण इस प्रकार है-सेवा में,उप-पुलिस अधीक्षक महोदय, थाना रा0स0एवं भ्र0 रोधी ब्यूरो नाहन, जिला सिरमौर (हि0 प्र0)।विषयः शिकायत पत्र संख्या 72/SR/2019 दिनांक 25-09-2019 की जाँच रिपोर्ट पर प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत करने के सम्बन्ध में। महोदय,उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में निवेदन है कि उक्त शिकायत पत्र की जांच अधोहस्ताक्षरी द्वारा की गई है। शिकायत पत्र में शिकायतकर्ता श्री दयाल व अन्य ने आरोप लगाये है कि ग्राम पंचायत विक्रमबाग, तहसील नाहन, जिला सिरमौर (हि0 प्र0) में पंचायत प्रधान श्रीमती जैतून, पंचायत सदस्य, पंचायत सचिव व अन्य पंचायत कर्मचारियों एवं अधिकारियों की मिलीभगत से स्वयं को लाभ पहुँचाने के लिये वर्ष 2017-18 व 2018-19 में पंचायत के विभिन्न विकास कार्यो में भ्रष्टाचार व अनियमितताएं करके सरकारी धनराशि का दुरुपयोग व गबन किया है। शिकायत पत्र की जांच के दौरान पाया गया कि वर्ष 2017-18 में पथराला खाला पुलिया के लिये मनरेगा के अन्तर्गत 5 लाख रूपये स्वीकृत हुए थे। इस पुलिया पर, पंचायत अभिलेख के अनुसार 3,34,824/- रूपये खर्च होना दर्शाए गये है। मौका पर पुलिया निर्माणाधीन है। उपरोक्त निर्माण कार्य का हि0प्र0लो0नि0 विभाग नाहन की तकनीकी टीम द्धारा मूल्यांकन करवाया गया तो मौका पर कुल 2,56,568/- रूपये की राशि खर्च करना पाई गई है। इस प्रकार 78,256/- रुपये का अन्तर पाया गया है। जो इस राशि का गबन प्रधान श्रीमती जैतून द्धारा वार्ड सदस्य श्री वसीम मोहम्मद के साथ मिलीभगत करके किया जाना पाया गया है।पक्का डंगा पम्प हाउस नजदीक ललित शप गाँव बेला के सम्बन्ध में जांच पर पाया गया कि, यह पक्का डंगा नजद पम्प हाऊस वार्ड नं0 7 का निर्माण कार्य मनरेगा के अन्तर्गत वित वर्ष 2018-19 में किया गया है। पंचायत के अभिलेख के अनुसार इस कार्य पर 3,00,368/- रूपये खर्च होना दर्शाये गये हैं, जबकि तकनीकी टीम द्वारा किये गए मूल्यांकन के अनुसार इस कार्य पर मौका पर कुल 1,18,257/- रुपये का कार्य किया जाना पाया गया है। इस प्रकार 1,82,111 /- रुपये का अन्तर पाया गया है। इसके अतिरिक्त इस कार्य के लिये मस्ट्रोल संख्या 3958 में श्री बलदेव सिंह पुत्र स्व0 श्री शंकर लाल निवासी गाँव विक्रम बाग की हाजरिया गलत लगाई जानी पाई गई है, क्योंकि इसने इस डंगे के निर्माण में कोई मजदूरी का कार्य न किया है। लेकिन इसके खाते में जो कि सैण्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा शम्भूवाला में है 2760/- रूपये जमा हुए थे, जो इसने यह पैसे निकालकर वार्ड मैम्बर श्री बलवन्त को दे दिये थे, जिसमें से इसको उसने 500/- रूपये बतौर कमीशन इसका खाता प्रयोग करने के दिये। इसी प्रकार मस्ट्रोल संख्या 3958 में श्री लाल सिंह की हाजरिया गलत लगाई गई हैं क्योंकि इसने इस डंगे के कार्य में मजदूरी का कार्य न किया है । इसके खाते में जो कि सैण्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा शम्भूवाला में है 2760/- रूपये जमा हुए थे जिसमें से इसने 2000/- रूपये निकाल कर वार्ड मेंबर श्री बलवन्त सिंह को दे दिये थे। इसने उपरोक्त पैसे वार्ड मेंबर बलवन्त सिंह के कहने पर अपने बैंक खाता से निकाल कर उसे दिये थे। जो इस प्रकार प्रधान श्रीमती जैतून ने, वार्ड मेम्बर बलवन्त, बलदेव सिंह व लाल सिंह उपरोक्त के साथ जाली मस्ट्रोल हाजरियों का 5520/- रूपये व उक्त डंगा निर्माण में 1,82,111/- रूपये, कुल राशि 1,87,681/-रूपये का गबन किया है।पत्थरों की खरीद के सम्बध में जांच पर यह पाया गया कि, पंचायत द्वारा दिनॉक 14-12-2016 को श्री अमरनाथ सिंह पुत्र श्री मनसा राम गाँव खैरवाला-विक्रमबाग से कुल 2000 पत्थर 7/- रूपये प्रति पत्थर के हिसाब से (मय तुड़ाई व ढुलाई सहित) खरीद किये थे जिसकी अदायगी श्री अमरनाथ सिंह को चैक के माध्यम से की गई है व इस सम्बध में श्री अमरनाथ सिंह नें स्वयं रसीद पंचायत को दी है, इस रसीद का इन्द्राज पूर्व पंचायत सचिव श्री राय सिंह ने दिनॉक 06-02-2017 को किया है व उसने इसमें 2/- रूपये प्रति पत्थर की दर से चैक सं0 012293 द्वारा अदायगी कुल 14000/- रूपये दर्शाए है । जाँच पर मुताबिक अभिलेख पाया गया कि 2/- रूपये प्रति पत्थर की दर से कुल 2000 पत्थरों का मूल्य 4000/- रूपये बनता है जबकि पूर्व सचिव श्री राय सिंह द्वारा यह मूल्य 14,000/- रुपये दर्शाया गया है तथा 10,000/- रूपये सरकारी ध का गबन किया जाना पाया गया है।कूड़ेदानों की खरीद के सम्बध में जाँच पर पाया गया कि कुल 45 कूड़ादान खरीद के लिये 13वें व 14वें वित्तायोग के अन्तर्गत 5,07,590/- रूपये मन्जूर हुए थे। जो यह राशी अभिलेख के अनुसार 45 कुड़ेदानों की खरीद पर खर्च करना दर्शाई गयी है, जबकि मौका पर दिनाँक 05-09-2020 को HPPWD Sub-Division Nahan की तकनीकी टीम द्धारा उपरोक्त कूड़ेदानों का निरीक्षण व मूल्यांकन करने पर ग्राम पंचायत विक्रमबाग में मात्र 22 कूड़ेदान ही लगाना पाये गये, जिनकी Assessment Value कुल 1,81,761/-रूपये पाई गई है। जो इस प्रकार उपरोक्त कूड़ादानों की खरीद में 3,25,829/- रूपयों का गबन प्रधान श्रीमती जैतून द्धारा करना पाया गया है।सोलर लाईट की खरीद के सम्बध में जांच पर पाया गया कि ग्राम पंचायत बिक्रमबाग के लिए 3,60,400/- रूपये 17 सोलर लाईट की खरीद हेतु मंजूर हुये थे, जो कि कुल 17 सोलर लाईटें खरीद की गई व पूरी धराशि खर्च की जाना बतलाई गई। दिनाँक 18-04-2018 को उक्त खरीद के सम्बध में Sun Shine Solar Solution त्रिलोकपुर-कालाआम्ब को अदायगी की गई है। उपरोक्त फर्म का सोलर लाईटें लगाने के सम्बध मे, हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ कोई रेट कन्ट्रेक्ट नहीं पाया गया है। उपरोक्त सोलर लाईटों का मौका पर मूल्यांकन, हि0 प्र0 लोक निर्माण विभाग इलैक्ट्रिकल उप-मण्डल नाहन की तकनीकी टीम द्वारा करवाया गया, मौका पर निरीक्षण के दौरान 17 सोलर लाईटें लगाई जाना पाई गई, जिनका मूल्य 1,93,607/- रूपये पाया गया। जो कि इस प्रकार 1,66,793/- रूपये का अन्तर पाया गया है। जाँच पर पाया गया कि प्रधान ग्राम पंचायत विक्रमबाग श्रीमति जैतून नें ग्राम पंचायत विक्रमबाग के क्षेत्र में स्थापित की गई स्ट्रीट सोलर लाईटस हिम उर्जा द्वारा अधिकृत फर्म से नहीं खरीदी बल्कि अनाधिकृत फर्म Sunshine Solar Solution Trilokpur, Kala-Amb Nahan से खरीद की है व 1,66,793/-रूपये का गबन किया गया है। जांच पर पाया गया कि गली याशीन, बलीदीन, फत्ता खैरवाला के निर्माण कार्य के सम्बन्ध में 2700/- रूपये का भुगतान श्रीमति जैतून के पति श्री गफ़ूर मोहम्मद को रसीद दिनाँक 18-05-2017 द्वारा किया जाना दर्शाया गया है। लेकिन इस कार्य के Muster-Roll में श्री गफूर मोहम्मद द्वारा कार्य किए जाने का कोई इंद्राज नहीं है, यद्यपि गफूर मोहम्मद का नाम मुरम्मत कार्य कुई वुडन ST बस्ती खैरवाला के Muster-Roll में दर्ज है। अतः जाली रसीद तैयार करके 2700/- रूपये सरकारी धन का गबन किया जाना पाया गया है।सामुदायिक शौचालय ढांकवाला मस्जिद के समीप निर्माण करने हेतु 1 लाख रूपये 14वें वित्तायोग 2017-18 के अन्तर्गत स्वीकृत हुए थे, जिसमें 1 लाख रूपये शौचालय पर खर्च किया जाना दर्शाया गया है। मौका का निरीक्षण करने पर पाया गया कि ग्राम ढांकवाला में मस्जिद के समीप एक बड़ा सैप्टिक टैंक व Retaining Wall तैयार की गई है। लेकिन शौचालय का निर्माण किया जाना नहीं पाया गया। उपरोक्त कार्य का HPPWD Sub-Division Nahan की तकनीकी

टीम द्वारा मुल्यांकन किया गया, जिस पर उपरोक्त कार्य की कुल assessment value 73,364/- रूपये पाई गई,जबकि मुताबिक अभिलेख 1 लाख रूपये खर्च किया जाना दर्शाया गया है। जो इस प्रकार प्रधान श्रीमती जैतून द्धारा 26,636/- रूपयों का गबन किया जाना पाया गया है।Backward Region Grant Fund के अन्तर्गत बोरवेल ST बस्ती बेला के कार्य हेतु 1,50,000/- रूपये स्वीकृत हुए थे जिसमें से 1,48,500/-रूपये Contingency काटने के बाद प्राप्त हुए थे। पंचायत अभिलेख के अनुसार इसमें 1,48,500/- रूपये खर्च किये जाने दर्शाए गये है। जाँच के दौरान, बोरवैल का निर्माण श्री हरबन्स सिंह की निजी भूमि पर किया गया है, जिसे प्रदेश सरकार के नाम स्थानान्तरित नहीं करवाया गया है। उक्त बोरवैल का कनैक्शन SC ST के 23 घरों में से मात्र दो घरों के परिवारों को ही देना पाया गया । जाँच व मौका का निरीक्षण करने पर पाया गया कि यह बोरवेल सरकारी जमीन में न लगाकर केवल श्री हरबन्स सिंह के परिवार को लाभ पहुँचाया है।अतः प्रधान ग्राम पंचायत विक्रमबाग श्रीमती जैतून, वार्ड मेंम्बर श्री बलवन्त सिंह व पूर्व पंचायत सचिव राय सिंह ग्राम पंचायत विक्रमबाग के विरूद्व निम्न धारा 6 of THE HIMACHAL PRADESH PREVENTION OF SPECIFIC CORRUPT PRACTICES ACT, 1983 एवं 420, 467, 468, 471 120-B IPC तथा श्री बलदेव सिंह व श्री लाल सिंह, के विरूद्व एवं 420, 467, 468, 471 120-B IPC के अन्तर्गत अपराध किया जाना पाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में सतर्कता मुख्यालय के पत्र सं SVACB (R/SR-HQ) Comp (NHN) 72/SR/2019-6931 दिनांक 13.04.2021 के द्वारा अभियोग पंजीकृत करने की स्वीकृति प्रदान की गई है, जो पुलिस अधीक्षक SVACB,SR शिमला के कार्यालय पत्र पृष्ठांकन सं 2095 दिनांक 16.04.2021 के द्वारा अभियोग पंजीकृत करने हेतु थाना को प्रेषित किया गया है। अतः अभियोग पंजीकृत किया जाए। Sd/- परमजीत सिंह (उप-निरीक्षक), रास एवं भ्र रोधी ब्यूरो नाहन, जिला सिरमौर (हिप्र)।दिनांक 26.04.2021।शिकायत पत्र उपरोक्त से मामला अन्तर्गत धारा 6 of H.P. PREVENTION OF SPECIFIC CORRUPT PRACTICES ACT, 1983 व धारा 420, 467, 468, 471 120-B IPC का पाया जा रहा है। जिस पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई। FIR की जरुरी प्रतियां तैयार की जा रही हैं। जो कि माननीय अदालत व उच्चाधिकारियों को प्रस्तुत की जा रही हैं। FIR को ही Special Report समझा जाए। मिसल मुकदमा अन्वेषण हेतू निरीक्षक अनिल कुमार को दी जा रही है।

**13. Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
**(की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है |)**

**(1) Registered the case and took up the investigation:** **or (या)**
**(प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया ):**

**(2) Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** Anil Kumar **Rank (पद):** I (Inspector)
**No.( सं.):** NA **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

**(3) Refused investigation due to (जांच के लिए ):**

**or (के कारण इंकार किया या)**

**(4) Transferred to P.S.(थाना):** **District (ज़िला):**
**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित) .**

**F.I.R. read over to the complainant / informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant / informant free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी |)**

**R.O.A.C.(आर. ओ .ए .सी.)**

**14. Signature/Thumb impression of the complainant / informant.(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान):**

**15. Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** Tarnjeet Singh
**Rank(पद):** Dy. SP (Deputy Superintendant of Police)
**No.(सं.):** NA

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण : (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S.No.(क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height(cms.) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Female | | | | | Poxpitted: NO |
| 2 | Male | | | | | Poxpitted: NO |
| 3 | Male | | | | | Poxpitted: NO |
| 4 | Male | | | | | Poxpitted: NO |
| 5 | Male | | | | | Poxpitted: NO |

| Deformities/ Peculiarities (विकृतियाँ/ विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eyes (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit(s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| Language /Dialect (भाषा/बोली) | Place Of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान ) | Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव ) | Tattoo (गूदे हुए का ) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**
**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है |)**